NEHRU GRAM BHARATI

(Deemed to be University U/S 3 of UGC Act 1956)
Kotwa- Jamunipur- Dubawal, Prayagraj (UP)

पत्रांक सं0—3/ने.ग्रा.भा.डी.टू.बी.यू./परीक्षा/2020—21/14067 दिनांक:—04.08.2021

सूचना

विषय:— बैक/इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा अगस्त 2021 के आयोजन के सन्दर्भ में।

नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के उन समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन्होंने सेमेस्टर—वार्षिक बैक/इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा के लिए ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन विधि से आवेदन पत्र परीक्षा विभाग में जमा किया है, उनकी परीक्षा की समय—सारणी घोषित कर दी गयी है। यह परीक्षा दिनॉक 10.08.2021 से प्रारम्भ होकर 13.08.2021 तक विश्वविद्यालय के हनुमानगंज परिसर में सम्पादित होगी। छात्र/छात्राएँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ngbv.ac.in** पर समय—सारणी का अवलोकन कर सकते हैं। सभी छात्र/छात्राएँ COVID-19 के अनुक्रम में जारी शासन के सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए परीक्षा में सम्मिलित हों।

समस्त विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि :—

1. परीक्षा प्रारम्भ होने से एक दिन पूर्व अपना प्रवेश पत्र परीक्षा विभाग विश्वविद्यालय हनुमानगंज शाखा से प्राप्त करें।
2. विश्वविद्यालय में जमा होने वाले अपने सभी प्रकार के शुल्क अथवा पुस्तकें जमा कर दिए हैं।
3. यदि परीक्षा फार्म के साथ मूल अंकपत्र न जमा किया हो तो परीक्षा विभाग के कार्यालय में अवश्य जमा कर दें।
4. परीक्षा आवेदन पत्र में बोर्ड के हाईस्कूल के प्रमाणपत्र के आधार पर ही स्वनाम, पिता एवं माता का नाम अंकित किया है। हाईस्कूल के प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न किया है।
5. विश्वविद्यालय की वेबसाईट और नोटिस बोर्ड से समस्त परीक्षार्थी परीक्षा तिथियां नोट करें।

(डॉ0 राजेश कुमार तिवारी)
परीक्षा नियंत्रक

संलग्नक : समय—सारणी

प्रति प्रेषित

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ। ई—मेल द्वारा।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को माननीय प्रति कुलपति जी के सादर सूचनार्थ। ई—मेल द्वारा।
3. कुलसचिव महोदय को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक दिशा—निर्देश हेतु। ई—मेल द्वारा।
4. अधिष्ठाता कला, विज्ञान, शिक्षक—शिक्षा एवं वाणिज्य को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक दिशा—निर्देश हेतु।
5. कुलानुशासक महोदय को इस आशय के साथ कि परीक्षा कार्यक्रमों में अनुशासन व्यवस्था नियेजित करने का कष्ट करेंगे।
6. समस्त सन्दर्भित विभागाध्यक्षों को इस सूचना के व्यापक प्रसार हेतु। उनसे अपेक्षा की जाती है कि प्रयोगात्मक/मौखिकी की तिथियां अविलम्ब विद्यार्थियों को सूचित करेंगे जो विद्यार्थियों के लिये सुविधाजनक हो।
7. उपकुलसचिव (प्रशासन एवं वित्त) को उचित सहयोग हेतु।
8. कम्प्यूटर अधीक्षक, श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव को इस आशय के साथ कि इस सूचना को वेबसाईट पर अपलोड करें।
9. नोटिस बोर्ड— जमुनीपुर, झूठी ताली, हनुमानगंज, जार्जटाऊन एवं सिविल लाइन्स परिसर।

अभय आनन्द सिन्हा
उपकलुसचिव (परीक्षा)